मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित
Visit Us at : www.kadamkadampar.com

कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र
RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक :** छोटेलाल शर्मा
वर्ष - 11 अंक -20 मुंबई, सोमवार, दिनांक 05 फरवरी से 11 फरवरी 2024 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये

कदम कदम पर हिंदी समाचार पत्र का डिजिटल पर लाने के लिए किया उद्धघाटन

K.K.P.
NEWS
K.K.P. NEWS
उद्घाटन समारोह
में
आपका
हार्दिक स्वागत है

मुंबई, कदम कदम पर हिंदी समाचार पत्र का डिजिटल पर लाने के लिए १ फरवरी २०२४ को किया गया उद्धघाटन,अनिल शर्मा प्रबंध संपादक ने सभी देश वासियों व समाचार पाठको, विज्ञापन दाताओं, और सभी पदाधिकारियों को जताया आभार और किया अपील जिस तरफ प्रिंट मीडिया में आप सभी का सहयोग मिला उसी सहयोग की कामना डिजिटल मीडिया के लिए भी करता हुं,उद्धघाटन समारोह में उपस्थित छोटेलाल शर्मा मुख्य संपादक, आर के मिश्रा जी, स्पर्श देसाई जी, नेहा सिंह जी शिवा जी , हरिशंकर शर्मा उप संपादक आदि लोग उपस्थित थे।

बजट को लेकर मुंबई कांग्रेस विचार विभाग ने कुछ सवाल खडे किए हैं, क्यों बजट फिका है?

रिपोर्ट स्पर्श देसाई

मुंबई, बजट में टैक्स शब्द 42 बार... लेकिन राहत के लिए जुलाई तक का इंतजार करना होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज देश का अंतरिम बजट 2024 पेश किया। बजट में महिलाओं और युवाओं पर फोकस दिखा। वित्त मंत्री ने गरीबों को घर और आम लोगों को फ्री बिजली का वादा किया । टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं: वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि इस बार टैक्स स्लैब में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। पहले की तरह आयकर सीमा 7 लाख बनी रहेगी, जिससे नौकरीपेशा को कोई फायदा नहीं होगा वित्त मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार हर गरीब को घर देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार 2 करोड़ घर गरीबों को सौंप चुकी है और 4 करोड़ घरों का लक्ष्य प्राप्त करने के नजदीक है। सीतारमण ने कहा कि हमारी सरकार ने 70 फीसद महिलाओं को घर देने का काम किया है वंदेभारत स्तर के 40 हजार रेल डिब्बे बनाए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि ज्यादा भीड़ वाले रेल मार्गों के लिए 3 अलग कॉरिडोर बनाएं जाएंगे। वित्त मंत्री ने हर गरीब को घर देने का एलान किया है। सीतारमण ने कहा कि किराए के मकानों, झुग्गियों या अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अपना घर खरीदने के लिए सरकार नई हाउसिंग स्कीम लाएगी । वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की योजना बनाई है और अभी तक एक करोड़ को लखपति बना दिया है। चीन को पछाड़ टेक दुनिया का ह्यकिंगह्न बनेगा भारत, बजट 2024 में ₹1 लाख करोड़ का वादा ह्लये बजट मजबूत भविष्य की गारंटी हैह्न, प्रधानमंत्री मोदी बोले- युवा, महिला, किसान और गरीबों को होगा फायदा लेकिन कांग्रेस के विचार विभाग के राकेश यादव ने इस बजट के मद्देनजर कुछ सवाल उठाए थे।

राकेश यादव: अध्यक्ष मुंबई कांग्रेस विचार विभाग

कोस्टल रोड का काम अधूरा, चुनाव की वजह से उद्घाटन युवा सेना प्रमुख और विधायक आदित्य ठाकरे को आरोप

मुंबई। युवा सेना प्रमुख और विधायक आदित्य ठाकरे ने आरोप लगाया कि कोस्टल रोड का काम अभी अधूरा है, लेकिन चुनाव को ध्यान में रखते हुए इसका उद्घाटन किया जा रहा है। बता दें कि आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोस्टल रोड का उद् घाटन करने वाले हैं। वर्ली से मरीन ड्राइव तक 9 किमी लंबे कोस्टल रोड के एक हिस्से का उद्घाटन करने के साथ पीएम पश्चिम और पूर्व मुंबई को जोड़ने वाले गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड का भूमिपूजन भी करेंगे।

आदित्य ने कहा कि दिघा रेलवे स्टेशन, अटल सेतु परियोजना पूरी हो गई थी, लेकिन सरकार के पास उद् घाटन का समय नहीं था। कोस्टल रोड का काम अभी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन चुनाव को ध्यान में रखकर इसका उद्घाटन किया जा रहा है। कोस्टल रोड का काम हमारा है। यह उद्धव ठाकरे का सपना था। हम हर महीने वहां दौरा करते थे। हमारी सरकार रहती तो सारा काम समय पर पूरा हो जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि महालक्ष्मी परियोजना बिल्डरों को मुफ्त एफएसआई के लिए बनाया गया है। हमारे सवाल उठाने पर क्लब हाऊस को रद्द किया गया, लेकिन हम बिल्डरों को वहां कार पार्क शुरू नहीं करने देंगे। हम मुंबईकरों का पैसा बर्बाद नहीं होने देंगे, क्योंकि रेसकोर्स का इस्तेमाल आम मुंबईकर योग, सुबह की सैर के लिए करते हैं।

बजट पर विशेषज्ञों के अपने अपने विचार

(शिवा शर्मा)

धारणीय विकास को प्रोत्साहित करने वाला बजट

चुनार। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट देश में सामाजिक आधारिक संरचना को बेहतर बनाने की ओर उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है । स्वच्छ और गैर पारंपरिक ऊर्जा के स्रोत के रूप में सौर ऊर्जा की खपत को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा दी गई सब्सिडी और छूट कार्बन उत्सर्जन में कमी लायेंगे तथा सतत पोषणीय विकास को हासिल करने में मदद करेंगे । शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सरकार ने आवंटन बढ़ाया है जो मानव पूंजी का निर्माण करेगा और विकसित भारत के निर्माण में सहायक होगा।

डॉ. चंदन कुमार दिवेदी
असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र
राजकीय महाविद्यालय चुनार।

अंतरिम बजट समावेशी और विकासोन्मुखी

चुनार। 2024-25 वित्तीय वर्ष के लिए वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट भारत के आर्थिक विकास को गति देने वाला है। इसमें पूंजीगत व्यय में ऐतिहासिक वृद्धि की गई है जो सीधे आर्थिक समृद्धि दर में वृद्धि करेगा। इसमें समाज के वंचित वर्गो, महिलाओं, किसान, युवाओं तथा गरीबों का विशेष ध्यान रखते हुए उनके विकास के लिए बजटीय आवंटन में वृद्धि की गई है। यह बजट 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य प्राप्ति की ओर यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

डॉ. दीप नारायण
असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र
राजकीय महाविद्यालय चुनार।

वैश्विक पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक होगा बजट

चुनार। उत्तर प्रदेश सरकार का बजट 2024-25 अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इस बजट पर आधारभूत संरचना पर सरकार द्वारा जो राशि व्यय करने का प्राविधान है वह प्रशंसनीय है, जो उत्तर प्रदेश को भविष्य में वैश्विक पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने में सहायक होगा। धार्मिक स्थानों को जाने वाली सडकों के लिए काफी बड़ी धनराशि दी गई है जो मीरजापुर जिले को वाराणसी, प्रयागराज व अयोध्या से जोड़कर मीरजापुर की सहभागिता वैश्विक पर्यटन में बढ़ाएगी। युवा, किसान महिलाओं के उत्थान की संकल्पना को पूरा करता यह बजट उत्तर प्रदेश को विकसित राज्यों की श्रेणी में पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

डॉ. शेफालिका राय
प्रभारी अर्थशास्त्र विभाग
राजकीय महाविद्यालय चुनार।

दिव्यांगजनों की प्रतिभा को निखारने हेतु सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

रायगड जिल्हा परिषद,अलिबाग
समाज कल्याण विभाग, अलिबाग

मुंबईः दिव्यांगजनों की प्रतिभा को निखारने के लिए जिला स्तर पर सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। रायगढ़ जिला परिषद, अलीबाग समाज कल्याण विभाग और सुहित जीवन ट्रस्ट, पेन ने संयुक्त रूप से शनिवार, 27 जनवरी 2024 को जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की मेजबानी और आयोजन सुहित जीवन ट्रस्ट, पेन द्वारा किया गया था।

रायगढ़ जिले के समस्त दिव्यांग विद्यार्थियों के विद्यालयों में दिव्यांग विद्यार्थियों (विकलांग, बधिर, बहुदिव्यांग, मूक बधिर, सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिस्टिक आदि) के लिए जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इन विशेष छात्रों की क्षमताओं और कौशल का विस्तार करके उनमें कलात्मकता को बढ़ाना था और परिणामस्वरूप सभी संस्थानों के छात्रों ने खुशी-खुशी एक-दूसरे के साथ बातचीत की। इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस विविधतापूर्ण समाज में इस पहल की काफी सराहना हो रही है।

रायगड जिल्हा परिषद,अलिबाग
समाज कल्याण विभाग, अलिबाग
सुहित जीवन ट्रस्ट,पेण

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ जी का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

रिपोर्ट स्पर्श देसाई

मुंबई, 4 फरवरी को मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ जी का जन्म दिन एमआरसीसी मुंबई में मनाया गया। जिसे मुंबई कांग्रेस विचार विभाग अध्यक्ष राकेश यादव, उपाध्याय इरशाद खान, अख्तर अली, संगीता नंदल, रेखा रोहिरा, वीरेंद्र चतुर्वेदी सचिव डॉ. सलमा शेख, सुनील यादव, एमडी बनारस वाला,कलिना तालुका अध्यक्ष विजय कुतरकर, कल्पना कुमारी, एमडी बारमारे, जीतेंद्र रावल, उत्तर मुंबई जिला उपाध्यक्ष मिलिंद शिर्के और सभी कार्यकर्ता हर्ष उल्लास के साथ उनका जनम दिन मनाया था।

संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

अंतरिम बजट

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी चार महीनों के लिए अंतरिम बजट लोकसभा में पेश किया। यह उनका रिकॉर्ड छठा बजट है। अंतरिम बजट में मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया गया और अर्थव्यवस्था, विकास की हरी-हरी तस्वीर पेश की गई। मसलन-भारत विश्व-गुरु के तौर पर उभर रहा है। जनता खुश है और सशक्त हुई है। उसमें उम्मीद और आशावाद जागा है। सरकार के 10 सालों में सकारात्मक अर्थव्यवस्था रही है। रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी हुई है। सामाजिक समावेश का आर्थिक विकास हुआ है। भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद खत्म हुआ है। भारत 2047 में 'विकसित राष्ट्र' होगा। अंतरिम बजट से स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को आम चुनाव जीतने की कोई चिंता नहीं है, लिहाजा वित्त मंत्री ने दावा किया है कि जुलाई के पूर्ण और आम बजट में विकसित भारत के व्यापक विकास का रोड-मैप पेश किया जाएगा। अंतरिम बजट में किसी महत्त्वपूर्ण और नई परियोजना की घोषणा नहीं की गई है और न ही आयकर-व्यवस्था में कोई बदलाव किया गया है। फिर भी कुछ घोषणाएं ऐसी हैं, जो मौजूदा परियोजनाओं का विस्तार हैं, लेकिन उनमें लोकलुभावन भाव भी निहित है। सरकार ने आगामी 5 साल में 2 करोड़ पक्के घर बनाने की घोषणा की है, जबकि 3 करोड़ घर बनाने का दावा किया गया है। अंतरिम बजट में 5 साल की योजना की घोषणा की प्रासंगिकता कितनी है? जाहिर है कि भाजपा आगामी सत्ता को लेकर भी आश्वस्त है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 70 फीसदी मकानों का स्वामित्व महिला के नाम है। वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में बताया है कि एक करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बना दिया गया है और आगे 3 करोड़ को 'लखपति' बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। यह मोदी सरकार की 'महिला सशक्तिकरण' की राजनीति को सत्यापित करती है। सरकार के 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी-मुक्त किया गया है और यह सरकार की प्रतिबद्धता है। इसके मायने हैं कि देश में गरीबी-रेखा के नीचे जीने वालों की संख्या नगण्य हो गई है! लेकिन यह हकीकत नहीं है। बहरहाल 43 करोड़ को 'मुद्रा ऋण' के तहत 22.57 लाख करोड़ रुपए के कर्ज मुहैया कराए गए हैं। स्वरोजगार के लिए 34 लाख करोड़ रुपए के कर्ज भी दिए गए।

MWO प्रतापगढ़ ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 100वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई

शोषित वंचितो के हक अधिकार के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे जननायक कर्पूरी ठाकुर - संजय विद्यार्थी

कदम कदम पर संवाददाता

प्रतापगढ़ : सामाजिक सरोकारों से जुड़ा संगठन महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा - प्रतापगढ़ ने चिलबिला में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें नंद, नाई, सेन सविता सलमानी समाज का जन सैलाब उमड़ पड़ा। प्रतापगढ़ संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी के भावी लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर एस पी सिंह पटेल एवं एम डब्ल्यू ओ के प्रान्तीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा व जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा ने संयुक्त रूप से जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। समाजवादी पार्टी सरकार में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री तथा गोंडा जनपद के गौरा विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे संजय सविता विद्यार्थी ने बतौर मुख्य अतिथि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर ने पूरे जीवन शोषित वंचितों के हक अधिकार के लिए संघर्ष किया और मुख्यमंत्री बनते ही शोषित वंचितों का उनका असली हक अधिकार आरक्षण देकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने का मजबूत प्रयास किया, आगामी लोकसभा चुनाव में डाक्टर एस पी सिंह पटेल को प्रतापगढ़ से जिता कर संसद भेजने का कार्य करना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब नाई, सेन, सविता, सलमानी सहित संपूर्ण अति पिछड़ी जातियों को एक होकर संघर्ष करते हुए अपने हक अधिकार व मान सम्मान की रक्षा सुरक्षा के लिए स्वयं सड़कों पर उतरना होगा। विशिष्ट अतिथि एस पी सिंह पटेल ने लोगों को भरोसा दिलाया कि हम सदैव आपके सुख-दुख में आपके कंधे-से-कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे और कर्पूरी ठाकुर जी के सपनो को साकार करने का मजबूती से प्रयास करेंगे। उन्होंने समाज के चौधरियों, महिलाओं और शाल, 30 मेधावी छात्र - छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया। 85 महिलाओं को कंबल भी वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दादा नागराज शर्मा ने किया। सभा को सम्बोधित करने वालों में सचिन शर्मा, उदय राज शर्मा, रंजीत शर्मा,कमलेश कुमार कमल, धीरेंद्र शर्मा गोबरी, एडवोकेट सत्य प्रसाद शर्मा, डॉक्टर शिव बाबू,शर्मा, जय सिंह प्रताप यादव, रंजीत शर्मा, श्रीकांत शर्मा, सागर शर्मा,राकेश शर्मा, डी के शर्मा आदि लोग प्रमुख रहे।

कार्यक्रम का कुशल संचालन इलाहाबाद छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट राजेश शर्मा ने किया।

इस अवसर पर जनपद की कोने-कोने से लोग आए जिसमें प्रमुख रूप से रामकुमार शर्मा, बृजेश पांडे, दीपक शर्मा, राम लखन शर्मा, रामचंद्र शर्मा, नवीन शर्मा, संदीप शर्मा, जनार्दन शर्मा, विनोद शर्मा, अरविंद शर्मा, दूधनाथ शर्मा, रमाकांत शर्मा, विजय कुमार शर्मा, सूर्य नारायण शर्मा, अमित शर्मा, ठाकुर प्रसाद शर्मा, सत्यम शर्मा, हंसराज विश्वकर्मा, राम बहादुर शर्मा, महेंद्र शर्मा नन्हे, अनीस सलमानी, पंकज शर्मा, अशोक शर्मा, राम प्रकाश चौधरी, चौधरी संदीप शर्मा, रामकुमार लेखपाल जी, सीताराम शर्मा, रामबाबू शर्मा, दीपक शर्मा, दिनेश दानी, सुधीर शर्मा, कन्हैयालाल, सिराज अहमद, सुरेश कुमार, राज गौरव (राजन शर्मा) डी सी शर्मा, तीर्थराज शर्मा (गुरु जी) प्रदीप कुमार, राधेश्याम शर्मा, अशोक कुमार इत्यादि सैकड़ो संख्या में लोग उपस्थित रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने पर आभार एवं धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित

लंभुआ - महान कर्मयोगी, शोषित वंचितों के मसीहा कहे जाने वाले जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को भारत सरकार द्वारा भारत रत्न सम्मान से सम्मानित किए जाने पर जनपद सुल्तानपुर के लंभुआ विधानसभा के विधायक सीताराम वर्मा जी के द्वारा आभार एवं धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जिला प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन संघर्ष एवं उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे पार्टी की नेता अनुप्रिया पटेल द्वारा केंद्र सरकार से जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को भारत दिए जाने की मांग को केंद्र सरकार ने स्वीकार करते हुए यह सम्मान देने का कार्य किया है यह पार्टी व सरकार की एक बड़ी जीत है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य रामचंद्र सिंह प्रधान ने माननीय मोदी जी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारी सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों के हित में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रामचंद्र मिश्र ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन के अनुछुए पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति ऐसा ही जननायक नहीं बन जाता, उन्होंने जीवन पर्यंत तक कमजोरों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है और उन्हें हक अधिकार दिलाकर ही माने, यह देश उनके कड़े संघर्षों, ईमानदारी एवं सादगी की को सदैव याद रखेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन एम डब्ल्यू ओ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने पर केंद्र सरकार का आभार जताया और कहा कि जननायक जी के सपनों का भारत एवं उनके शोषण वंचितों के लिए उनके सामाजिक न्याय की परिकल्पना बिना कर्पूरी फामूर्ला के संभव नहीं हो सकता इसलिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मांग करता हूं कि रोहिणी आयोग व पिछले अयोगो की मांग को देखते हुए और पार्टी के द्वारा पूर्व में किए गए वादे आरक्षण में कोटे में कोटा निर्धारित करते हुए अति पिछड़ों एवं सर्वाधिक पिछड़ों को भी नौकरियां या अन्य सेक्टरों में आरक्षण देकर उनके हक अधिकार एवं मान सम्मान को मजबूती प्रदान किया जाए। विधायक सीताराम वर्मा जी के द्वारा सभी अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों को जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का एक बड़ा चित्र देकर लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, शिवदयाल शर्मा, अजीत शर्मा, हनुमान प्रसाद शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा समामाजसेवी शिवगढ़, रेखा वर्मा अभिनाश पटेल आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रवीण पाठक ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित दुर्गेश कुमार शर्मा, अनिल कुमार, घनश्याम शर्मा, प्रेम शर्मा, आर के शर्मा, लाल जी शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, प्रेमचंद, बृजेश कुमार, राहुल शर्मा, दिलीप कुमार, दयाशंकर शर्मा, निशकांत शर्मा, महेश कुमार, शिव मूर्ति शर्मा, मुन्नालाल शर्मा, प्रेम नारायण, रामलोचन, जगन्नाथ शर्मा, सिद्धनाथ शर्मा, नरेंद्र शर्मा, अनिरुद्ध शर्मा, लालचंद शर्मा, धनेश्वर शर्मा, राजेंद्र शर्मा सहित पिछड़े , अति पिछड़े समाज के हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

आभार/धन्यवाद कार्यक्रम
मा.श्री आशीष पटेल जी
मा.श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह जी
मा.श्री रामचन्द्र प्रधान जी
डा.आर.ए.वर्मा जी

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
कदम कदम पर
संरक्षक
जे.पी. शर्मा
संपादक
छोटेलाल शर्मा
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
अनिल शर्मा
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)
राजन शर्मा
शंकर शर्मा (शिवा)
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
सतीशचंद्र गुप्ता
प्रतिनिधि
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा
कानूनी सलाहकार
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. ९४५२७९१५७०
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

अनिल शर्मा ने लाडली बेटी परी के जन्म दिन पर दी शुभकामनाएं

डोंबिवली, परी शर्मा के जन्मदिन डोंबिवली शहर में बड़े धुम धाम से मनाया गया , जिसमें युवाओं के सम्राट अनिल शर्मा , श्याम जी शर्मा (मंडल अध्यक्ष) सचिन बिरयानी दरबार के मालिक , शंकर आटो स्पेयर पार्ट्स , मंगलेश शर्मा निरंकारी मंडल इंटरनेट कवि , अनंतलाल शर्मा , नामदे भोईर दादा , वासु दादा भोईर , रामचरन शर्मा , गौरव शर्मा , गोपाल शर्मा , मंजेश शर्मा, अनिल शर्मा बेटी के जन्मदिन पर सभी लोगो ने आशिर्वाद दिए और लड़के और लड़की की भेद भाव खत्म करने के लिए लिया गया संकल्प!

अनिल शर्मा ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा आज परी के जन्म दिन पर हम लोगो को एक नया प्रेरणा मिला जो कभी भुला नहीं जा सकता परी बेटी के जन्मदिन पर एक समाज में एक नयी ऊर्जा देने का काम किया है ।

एम डब्ल्यू ओ एवं भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संगठन के द्वारा श्रद्धांजलि सभा कर मृत्युभोज का किया बहिष्कार

कदम कदम पर संवाददाता,

सुल्तानपुर - तहसील लम्भुआ के संरक्षक प्रखर समाजसेवी स्वर्गीय हरिवंश प्रसाद शर्मा जी के ''श्रद्धांजलि सभाह्व मे जनपद जौनपुर , अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ, भदोही के सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित होकर उनकी चित्र पर पुष्प चढाकर नमन करते हुए दो मिनट का मौन रख कर मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। पदाधिकारियों ने मृत्यूभोज को समाज पर एक कुप्रथा व कुरीतियो को जबरन थोपने का चलन बताते हुए मृत्यूभोज का बहिष्कार किया और सूक्ष्म जलपान किया। नाई, सेन सविता, श्रीवास के सभी बन्धुओ से विनम्र अपील किया कि केवल श्रद्धांजलि सभा करे, मृत्यूभोज का बहिष्कार करे ताकि समाज मे व्याप्ति कुरीतियो पर अंकुश लगाया जा सके। शोकसभा का कुशल संचालन संगठन के प्रांतीय सचिव उदयराज शर्मा ने किया।

स्मृति शेष हरिवंश शर्मा जी
Jan 2024

इस कार्यक्रम मे एम डब्ल्यू ओ संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनशयाम शर्मा, उपाध्यक्ष रंजीत शर्मा, महासचिव शिवदयाल शर्मा, भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति जौनपुर के संस्था अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, अशोक शर्मा, मनोज शर्मा, रविंद्र शर्मा,श्री प्रकाश शर्मा, विनोद शर्मा, जिलाध्यक्ष भदोही कैलाश शर्मा के साथ साथ संगठन मंत्री राजेश शर्मा प्रधान जी, उपाध्यक्ष डाक्टर शैलेश शर्मा,मोहित शर्मा,राम नारायण शर्मा,सतीश शर्मा, सचिन शर्मा जिलाध्यक्ष एम डब्ल्यू ओ प्रतापगढ, श्रीकांत शर्मा जिलाध्यक्ष अमेठी, अयोध्या प्रसाद शर्मा जिला उपाध्यक्ष सुल्तानपुर, दुर्गेश कुमार शर्मा जिला महासचिव, शिवपूजन शर्मा जिला अध्यक्ष हेयर आर्टिस्ट एशोसियेशन सुल्तानपुर, मातादीन शर्मा, रबीन्द्र कुमार शर्मा, रघुनाथ शर्मा, बृजेश कुमार शर्मा, नरेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, प्रेमचंद्र शर्मा, मुन्ना लाल शर्मा, निशाकान्त शर्मा,नरेंद्र ठाकुर, राममूर्ति शर्मा, दिलीप शर्मा, के अलावा सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे।

देश के लिए लड़ने वाले सूबेदार शर्मा रिटायर आर्मी को ब्लड देकर कराया गया ऑपरेशन

जौनपुर, भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. के प्रधान महासचिव मनोज कुमार शर्मा जी के चाचा मा. मूलचंद शर्मा जी(रिटायर्ड आर्मी मेजर सूबेदार जिन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए दो युद्ध में वीरता पूर्वक लड़ते हुए विजय दिलाई) के पैर के ऑपरेशन के लिए आशुतोष हॉस्पिटल एंड ट्रामासेंटर प्रयागराज में एडमिट किया गया। ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. के संस्था अध्यक्ष दिनेशचंद्र शर्मा द्वारा श्री राम मेमोरियल ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर मछलीशहर द्वारा पांच यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया गया ।ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह जल्द से जल्द स्वस्थ्य हो। नंदवंशी अजय शर्मा प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि.

पेमेंट्स बैंक पर बड़ा एक्शन,RBI ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को तत्काल प्रभाव से नए ग्राहकों को जोड़ना बंद करने का निर्देश दिया

रिपोर्ट स्पर्श देसाई

आरबीआई का यह भी कहना है कि29 फरवरी, 2024 के बाद किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उपकरण,वॉलेट,फास्टैग, एनसीएमसी कार्ड आदि में कोई और जमा या क्रेडिट लेनदेन या टॉप अप की अनुमति नहीं दी जाएगी।पेटीएम बैंक को यह आदेश तत्काल प्रभाव से मानना होगा। सिस्टम ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी लेखा परीक्षकों के बाद कार्रवाई की है। फ्रकने स्पष्ट किया कि ऋणदाता के ग्राहकों द्वारा बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड उपकरण, FASTÔgs, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड आदि सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति बिना किसी प्रतिबंध के दी जाएगी।

संस्था संरक्षक प्रेम शंकर शर्मा का भव्य सत्कार किए रामनिहोर शर्मा- मलाई

जौनपुर, आदरणीय, प्रेम शंकर शर्मा संस्था संरक्षक भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. ने आज अनिल शर्मा संस्था संरक्षक महाराष्ट्र मुंबई के निवास स्थान ग्राम मलाई में पहुंचने पर अनिल शर्मा के बड़े भाई रामनिहोर शर्मा ने अंग वस्त्र व नववर्ष की डायरी पेन देकर किए भव्य सत्कार ,प्रेम शर्मा ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए किए विशेष सामाजिक चर्चा और कहा की समाज को जगाना है तो पहले एकता भाई चारा को मजबूत बनाना पड़ेगा। यह जानकारी एडवोकेट अजय शर्मा संगठन मीडिया प्रभारी ने दी।

भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्मशताब्दी समारोह मुंगरा बादशाहपुर ब्लॉक में धूमधाम से मनाया गया

मुगराबादशाहपुर, दिनांक 29/01/ 2024 को मनीष शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष मुंगरा बादशाहपुर के नेतृत्व में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया इसमें समारोह के अध्यक्ष डा०आरके शर्मा (कम्र प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर इनकम टैक्स) मुख्य अतिथि संस्था अध्यक्ष श्री दिनेश चन्द्र शर्मा जी विशिष्ट अतिथि सैलून संघ अध्यक्ष विनोद शर्मा जी मंडल अध्यक्ष (वाराणसी) श्री अवधेश शर्मा जी प्रधान महासचिव मनोज कुमार शर्मा जी संस्था कोषाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा जी संस्था संरक्षक प्रेम शंकर शर्मा जी मछली शहर तहसील अध्यक्ष ललित कुमार शर्मा जी संस्था उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा जी बदलापुर तहसील अध्यक्ष श्याम बहादुर शर्मा जी सुजानगंज ब्लाक उपाध्यक्ष राकेश शर्मा पप्पू जी सुजानगंज ब्लाक सचिव शिवराम शर्मा जी आयोजक समिति के सदस्य विजय शर्मा जी चंचल शर्मा जी राधेश्याम शर्मा बीडीसी ओम प्रकाश शर्मा जी संस्था अध्यक्ष श्री दिनेश चंद्र शर्मा जी ने अपने वक्तब्य में कहा शोषित, वंचितो,मजलूमों के मसीहा को सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब हमारे समाज का अंतिम पंक्ति में बैठा व्यक्ति मुख्यधारा से जब तक जुड़ नही जाता है*समारोह अध्यक्ष डा०आर के शर्मा* ने बताया जननायक कर्पूरी जी के विचारो को हमे जन जन तक पहुंचाना है अन्य वक्ताओं ने दहेज उन्मूलन,मृत्युभोज जैसी कुप्रथाओ , समाज में व्याप्त कुरीतियों के बारे में चचाएं हुई मंडल अध्यक्ष वाराणसी श्री अवधेश शर्मा* जी ने संगठन विस्तार पर बल दिये अंत में मनीष शर्मा,विजय शर्मा जी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किए नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा संस्था प्रभारी मुख्य सचिव भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि.

28 जनवरी को नेहरू नगर को, आप. हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड कांजूर मार्ग पूर्व मे श्री सत्यनारायण जी की पूजा का आयोजन किया गया। अध्यक्ष श्री रामप्यारे दुबे जी, सचिव श्री मनोज दीक्षीत जी, कोषाध्यक्ष श्री शेरसिंह राजपूत जी, छोटे लाल शर्मा (संपादक), शरद चव्हाण, राजेश जाधव, मनोज भिसे, विनोद जगताप उपस्थित थे. मेहमान कांजुरमार्ग पोलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक श्री शिगाटे साहब, आमदार श्री सुनील राऊत जी, नगरसेविका श्रीमती सुवर्णा करंजे जी उपस्थित थे.

संचालक
उपवने व उद्याने, महाराष्ट्र राज्य, मुंबई. यांचे कार्यालय,
बांधकाम भवन, दुसरा मजला, २५, मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई - ४०० ००१.
Email-dirmum.pg@mahapwd.com ☎:- ०२२-२२०१६८५२
जा.क्र.संउवउ/ले.शा./बी-१/नि.प्र./१८६/२३-२४. दिनांक :- २९/०१/२०२३

निविदा सुचना क्र. ९२ सन २०२३-२४

संचालक, उपवने व उद्याने, मुंबई यांचे कार्यालय, २ रा मजला, मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई-४००००१, दुरध्वनी क्रमांक-०२२-२२०१६८५२ महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम खात्याकडून योग्य त्या कंत्राटदारांकडुन खालील कामाकरीता **ब-१** नमुन्यातील निविदा मागवित आहेत. निवीदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार संचालक, उपवने व उद्याने, महाराष्ट्र राज्य, फोर्ट, मुंबई यांनी राखून ठेवला आहे अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

कामाचे नाव	१) सारंग विधी इमारत बी-६ आणि बी-७ बंगला, मुंबई येथील उद्यान देखभाल करणेबाबत करणे. (कालावधी मार्च -२०२४ ते फेब्रुवारी- २०२५ एकुण १२ महिन्याच्या कालावधीसाठी) (१९३/जानेवारी-२४) **कामाची अंदाजीत रक्कम रु. ८,४६,८६४/-** २) मुंबई येथील, क-८ (विशाल गड) ए-६ (रायगड) सी-३ (शिवालय) व ब-३ (जंजीरा बंगला येथील उद्यालातील हिरवळीचे नुतनीकरण करणे.(१९६/जानेवारी-२४) **कामाची अंदाजीत रक्कम रु. ८,०८,८६८/-** ३) सातपुडा बंगला मलबार हिल मुंबई येथे नविन हिरवळ बसवणे फुलझाडे कुंजविहार लावणे व शेभिवंत झाडांच्या कुंडया मांडणे इ. कामाबाबत. (२०१/जानेवारी-२४) **कामाची अंदाजीत रक्कम रु. ६,०९,१०६/-** ४) शिवगीरी बंगला उद्यानातील हिरवळीचे नुतनीकरणे, पर्णकुटी बंगला येथे फुलांची/शोभिवंत झाडे व कुंडया पुरवठा व अवंती इमारत उद्यानात फुलझाडे/ शोभिवंत झाडे कुंडया पुरवणेबाबत. (२०८/जानेवारी-२४) **कामाची अंदाजीत रक्कम रु. ५,५५,०९३/-**
निविदा उपलब्ध कालावधी	: **दि. ०५/०२/२०२४** सकाळी १०.३० पासून ते **दि. १२/०२/२०२४** रोजी १६.०० पर्यत. (ठिकाण- संचालक, उपवने व उद्याने, महाराष्ट्र राज्य, मुंबई यांचे कार्यालय, बांधकाम भवन, २ रा मजला, २५-मर्झबान पथ, फोर्ट, मुंबई-४००००१.)
निविदा स्विकारण्याची दिनांक	: **दि. १५/०२/२०२४** रोजी **१५.३०** पर्यत (ठिकाण- संचालक, उपवने व उद्याने, महाराष्ट्र राज्य, मुंबई यांचे कार्यालय, बांधकाम भवन, २ रा मजला, मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई-४००००१) दुरध्वनी क्रमांक-०२२-२२०१६८५२
निविदा उघडणे (शक्य झाल्यास)	: **दि. १५/०२/२०२४** रोजी **१५.३०** पर्यत
संचालक, उपवने व उद्याने, मुंबई – ४००००१ यांचे कार्यालयातील सूचना फलक.	

(वि.गो.रावळ)
संचालक
उपवने व उद्याने
महाराष्ट्र राज्य, मुंबई.

प्रतः- सहाय्यक संचालक, उपवने व उद्याने मुंबई, यांना माहितीसाठी.

प्रतः- उद्यान [illegible] उपवने व उद्याने मुंबई, यांना माहितीसाठी व पुढील कार्यवाहीसाठी.

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४ क्र-५/C ७६७७

भारतीय बजट के इतिहास के बारे में कुछ रोचक तथ्य

स्पर्श देसाई

मुंबई : बजट शब्द की उत्पत्ति मध्य अंग्रेजी शब्द बोगेट से हुई है, जो मध्य फ्रांसीसी बौगेट से आया है जिसका अर्थ है चमड़े का थैला। भारतीय बजट राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित तिथि पर संसद में प्रस्तुत किया जाता है। वित्त मंत्री के बजट भाषण में आम तौर पर दो भाग होते हैं। भाग ए देश के सामान्य आर्थिक सर्वेक्षण से संबंधित है जबकि भाग बी कराधान प्रस्तावों से संबंधित है। वित्त मंत्री आम तौर पर फरवरी के आखिरी कार्य दिवस पर संसद में वार्षिक केंद्रीय बजट पेश करते हैं। बजट सरकारी वित्त का सबसे व्यापक लेखा-जोखा है, जिसमें सभी स्त्रोतों से प्राप्त राजस्व और की गई सभी गतिविधियों के खर्चों को एकत्रित किया जाता है। इसमें राजस्व बजट और पूंजीगत बजट शामिल है। इसमें अगले वित्तीय वर्ष के अनुमान भी शामिल होते हैं जिन्हें बजट अनुमान कहा जाता है। वित्त मंत्रालय, योजना आयोग, प्रशासनिक मंत्रालय और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक केंद्रीय बजट की घोषणा में मुख्य भूमिका निभाते हैं।

पहला भारतीय बजट

भारत में बजट पहली बार 7 अप्रैल, 1860 को ईस्ट-इंडिया कंपनी से लेकर ब्रिटिश क्राउन तक पेश किया गया था। पहला भारतीय बजट 18 फरवरी, 1869 को जेम्स विल्सन द्वारा प्रस्तुत किया गया था। श्री विल्सन भारतीय वायसराय को सलाह देने वाली भारतीय परिषद के वित्त सदस्य थे। वह एक स्कॉटिश व्यवसायी, अर्थशास्त्री और उदार राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने द इकोनॉमिस्ट और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की स्थापना की।

पहले एफएम सर आरके शनमुखम चेट्टी थे

पहले वित्त मंत्री का पद उद्योगपति, कोचीन राज्य के पूर्व दीवान और चैंबर ऑफ प्रिंसेस के संवैधानिक सलाहकार सर आरके शनमुखम चेट्टी को मिला। वह ब्रिटिश समर्थक जस्टिस पार्टी के सदस्य रहे थे। स्वतंत्र भारत का पहला बजट विभाजन और दंगों की पृष्ठभूमि में 26 नवंबर, 1947 को श्री चेट्टी द्वारा प्रस्तुत किया गया था। तब से भारत में लगभग 80 बजट बन चुके हैं।

हमारा बजट कई मायनों में यूके के बजट का अनुसरण करता है, जिसमें कई वर्षों से समय भी शामिल है, क्योंकि यह शाम 5:30 बजे आयोजित होता था जो यूके में दोपहर का समय होता था।

भारतीय गणतंत्र का पहला बजट

श्री चेट्टी का स्थान जॉन मथाई ने लिया। 1949-50 में श्री मथाई ने सबसे स्पष्ट बजट भाषण दिया था क्योंकि उन्होंने सदस्यों को यह बताते हुए सभी विवरण नहीं पढ़ने का फैसला किया था कि सभी विवरणों के साथ एक श्वेत पत्र प्रसारित किया जा रहा था। इसके बाद उन्होंने मुद्रास्फीति और आर्थिक नीति पर एक छोटा सा व्याख्यान दिया। यह वास्तव में अखंड भारत का पहला बजट था, क्योंकि इसमें पूर्व रियासतों के वित्तीय विवरण शामिल थे और जहां सबसे बड़ी खबर योजना आयोग के गठन और पंचवर्षीय योजनाओं की आवश्यकता की खबर थी।

श्री मथाई का स्थान सीडी देशमुख ने ले लिया

जॉन मथाई का स्थान सीडी देशमुख ने लिया। भारतीय रिजर्व बैंक के पहले भारतीय गवर्नर और वित्त मंत्री श्री देशमुख ने 1951-52 के लिए अंतरिम बजट पेश किया। श्री देशमुख की प्रमुख चिंता योजनाओं के लिए धन जुटाना था जिसका अर्थ था उच्च कर। एक बजट भाषण में उन्होंने एक पत्र की कहानी के साथ करदाताओं को परेशान करने की कोशिश की, उन्होंने दावा किया कि उन्हें एक ग्रामीण से मिला था जिसने कोई कर नहीं दिया, लेकिन मदद करना चाहता था।

देशमुख ने कहा, ''उन्होंने मुझे 5 रुपये की राशि भेजी है और हर साल इतनी ही राशि भेजने का वादा किया है... जब तक हमारे लोगों का सामान्य वर्ग इस भावना के साथ पुरुषों और महिलाओं को पैदा कर सकता है, यह देश सामना कर सकता है ह्व भविष्य चाहे कितना भी कठिन क्यों न हो, आत्मविश्वास के साथ ह्व यह दर्ज नहीं है कि क्या इससे करदाताओं को 5 रुपये से अधिक का भुगतान करने में खुशी हुई। बजट विदेशी संबंधों जैसे मुद्दों से नहीं निपटता, फिर भी रूस के प्रति भारत के झुकाव का कुछ संकेत 1950 के दशक के बजट में देखा जा सकता है। नए राष्ट्र की मदद के लिए विदेशी सहायता प्रवाह राजस्व का एक प्रमुख स्त्रोत था, और दशक की शुरूआत में ये ज्यादातर अमेरिका और ब्रिटेन से थे।

संपत्ति कर एवं व्यय कर

टीटी कृष्णामाचारी, जो श्री देशमुख के उत्तराधिकारी बने, एक उद्योगपति थे, जो आश्चर्यजनक रूप से कराधान के प्रति बहुत उत्साही थे। 1957 में, उन्होंने दो नए कर लगाए, एक धन कर और एक व्यय कर, और उन लोगों से सख्ती से कहा जिन्हें इन्हें देशभक्ति की भावना प्रदर्शित करने के लिए भुगतान करना था: ''मैं उन लोगों में से एक हूं जो यह भी मानते हैं कि आर्थिक समानता और सकारात्मकता की दिशा में सबसे बड़ी प्रगति है सामाजिक सुधार कठिन समय में किया जाता है जब लोगों की अंतरात्मा और एकजुटता को उच्चतम स्तर तक उठाया जाता है ह्व

1964-65 के दौरान वित्त मंत्री के रूप में कृष्णामाचारी ने पहली बार भारत में छिपी हुई आय योजना का स्वैच्छिक प्रकटीकरण शुरू किया। जवाहरलाल लाल नेहरू बजट पेश करने वाले पहले प्रधान मंत्री थे, जब उनके पास 1958-59 में केंद्रीय वित्त मंत्री का पद था।

मोरारजी देसाई बजट

मोरारजी देसाई को कर लगाना अच्छा लगता था। साल 1968 में उन्होंने कहा था: ''अब मैं अपने बजट भाषण के सबसे डरावने हिस्से पर आता हूं। मुझे विश्वास है कि यदि प्रस्ताव डर की अपेक्षाओं को पूरा नहीं करते हैं तो माननीय सदस्य मुझ पर कार्रवाई नहीं करेंगे... इस तरह की कमी आम तौर पर एक होती है। एक वित्त मंत्री को अपने चाकू की धार तेज करने के लिए निमंत्रण...मैं खुद को अनिवार्य रूप से प्लास्टिक सर्जरी के एक छोटे से ऑपरेशन में संलग्न करने का प्रस्ताव करता हूं - यहां थोड़ा सा मांस निकालूंगा और थोड़ा सा वहां जोड़ूंगा।'' मोरारजी देसाई ने अब तक सबसे अधिक लगभग दस बजट पेश किये हैं। इनमें दूसरे कार्यकाल में पांच वार्षिक और एक अंतरिम बजट शामिल था जब वह वित्त मंत्री और उप प्रधान मंत्री दोनों थे। उन्होंने 1959-60 से 1963-64 तक प्रत्येक वर्ष के लिए वार्षिक बजट और 1962-63 के लिए अंतरिम बजट पेश किया। 1967-68 और 1969-70 के बीच तीन वर्षों के लिए वार्षिक बजट और 1967-68 के लिए अंतरिम बजट भी मोरारजी देसाई द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

गरीबों के लिए रियायतें

वित्त मंत्री के रूप में वीपी सिंह ने गरीबों के लिए रियायतों पर अत्यधिक ध्यान दिया। अपने 1986 के बजट में उन्होंने रेलवे कुलियों, रिक्शा चालकों, मोचियों के लिए सब्सिडी के साथ बैंक ऋण और एक लघु उद्योग विकास बैंक की स्थापना, नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के लिए एक दुर्घटना बीमा योजना का प्रस्ताव रखा। जवाहरलाल लाल नेहरू इंदिरा और राजीव गांधी ने भारत के प्रधान मंत्री के रूप में कार्य करते हुए बजट पेश किया है। कॉर्पोरेट टैक्स (आज इसे न्यूनतम वैकल्पिक कर के रूप में जाना जाता है) पहली बार राजीव गांधी द्वारा 1987 के बजट में पेश किया गया था।

बजट में मनमोहन सिंह की भूमिका

मनमोहन सिंह ने 1991 के अपने पहले बजट भाषण में कुछ व्यक्तिगत टिप्पणियाँ कीं, जिससे उन्हें अपना इतिहास याद आ गया: ''मैं एक गरीब परिवार में पैदा हुआ था, जो लंबे समय से सूखाग्रस्त गाँव में था, जो अब पाकिस्तान का हिस्सा है। विश्वविद्यालय की छात्रवृत्ति और अनुदान ने मेरे लिए इसे संभव बनाया भारत के साथ-साथ इंग्लैंड में भी कॉलेज जाने के लिए। इस देश ने मुझे हमारे संप्रभु गणराज्य के कुछ सबसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक कार्यालयों में नियुक्त करके सम्मानित किया है। यह एक ऐसा ऋण है जिसे मैं कभी भी पूरी तरह से चुकाने में सक्षम नहीं हो सकता। सबसे अच्छा मैं मैं केवल पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने देश की सेवा करने की प्रतिज्ञा कर सकता हूं। यह मैं सदन से वादा करता हूं।''

यूं तो हर घर और संस्था का अपना बजट होता है, लेकिन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 में भारत के केंद्रीय बजट को वार्षिक वित्तीय विवरण के रूप में निर्दिष्ट किया गया है। बजट में वार्षिक खर्च के साथ ही विभिन्न प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए होने वाले खर्च का भी उल्लेख होता है। बजट को लागू करने से पहले उसे संसद के दोनों सदनों में पारित करवाना भी जरूरी है।

बजट शब्द की उत्पति

बजट शब्द की उत्पति लेटिन शब्द बुल्गा से हुई। बुल्गा का अर्थ होता है चमड़े का थैला। इसी से बाद में फ्रांसीसी शब्द बोऊगेट बना। इसके बाद अस्तित्व में आया अंग्रेजी शब्द बोगेट या बोजेट, फिर यही शब्द बजट बना।

भारत में बजट की शुरूआत

भारत में पहला बजट जेम्स विल्सन ने 18 फरवरी 1860 को पेश किया था। जेम्स विल्सन को भारतीय बजट का संस्थापक भी कहा जाता है। भारत में 1 अप्रैल से 31 मार्च तक चलने वाला वित्तीय वर्ष 1867 से शुरू हुआ। इससे पहले तक 1 मई से 30 अप्रैल तक का वित्तीय वर्ष होता था।

स्वतंत्र भारत का पहला बजट

स्वतंत्र भारत का पहला बजट वित्तमंत्री आरके षणमुखम शेट्टी (चेट्टी) ने 26 नवंबर 1947 को पेश किया था, जबकि गणतंत्र भारत का पहला बजट 28 फरवरी 1950 को जॉन मथाई ने पेश किया था। षणमुखम शेट्टी ने 1948-49 के बजट में पहली बार अंतरिम शब्द का प्रयोग किया, तब से लघु अवधि के बजट के लिए 'अंतरिम' शब्द का इस्तेमाल शुरू हुआ। सीडी देशमुख वित्तमंत्री होने के साथ रिजर्व बैंक के पहले गवर्नर भी थे।

मनमोहन सरकार के दस साल के ग्रोथ रेट को टच करने मे फेल हुई मोदी सरकार/प्रतिनिधि द्वारा

(मुंबई) मनमोहन सरकार के दस साल का एवरेज ग्रोथ रेट 7.5% था । जिसे उअत्र्क्षक कहा जाता है, जबकि मोदी सरकार के दस साल का एवरेज ग्रोथ रेट 5.8% ही रहा है । यूपीए सरकार के उक्त 7.5% ग्रोथ रेट को देखकर बेचैन मोदी ने अपने सिपाहसालारों से डाटा मे फेरबदल कराकर यूपीए सरकार के ग्रोथ रेट को अब 7.5% की जगह 6.8% कर दिया है। जिसके लिए यूपीए के शुरू के वर्ष 2004 के डाटा मे छेड़छाड़ हुआ है । बावजूद इसके एनडीए सरकार के 5.8% से यूपीए का 6.8% होने के कारण 1% फिर भी अधिक ही है । अंतरिम बजट में कॉर्पोरेट दलाल मोदी सरकार ने कॉर्पोरेट टैक्स तो कम किया किन्तु नौकरीपेशा लोगों के पेंशन स्कीम, हो किसानों के टरढ पर चुप्पी साधे रही । यूपीए शासन की बनाई आधार, जीएसटी, मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य नीति को बस नाम बदल बदल कर अपना श्रेय लेना चाहती है मोदी सरकार । एक तरफ ढिंढोरा पिटती है कि नई शिक्षा एवं स्वास्थ्य नीति लाये हैं, जबकि बजट रिपोर्ट के अनुसार यूपीए सरकार शिक्षा पर जहाँ जीडीपी का 4% खर्च कर रही थी वही मोदी सरकार मात्र, 2.9% ही खर्च कर रही है । ऐसे में उत्कृष्ट मानव संसाधन के लक्ष्य को प्राप्त करना भी महज छलावा ही है । इसी तरह रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य नीति पर भी मोदी सरकार महज 1.2% ही खर्च कर रही है । जिस देश में भुखमरी की हालत इतनी भयावह है कि 82 करोड़ लोग मुफ्त राशन पर जी रहे हैं एवं 10 करोड़ लोग राशन कार्ड ना होने के कारण राशन नही पा रहे हैं, अर्थात, 92 करोड़ जनता की हालत भुखमरी की है । फिर भी हमेशा की तरह पुनः जुमला फेंकना कि हम अब विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति, बनने जा रहे हैं, कहते हुए इन्हें शर्म या अजीब नही लगता है । अर्थशास्त्री प्रो.अरुण कुमार के अनुसार मोदी सरकार अर्थव्यवस्था के मामले में पूरी तरह विफल रही है, वह इसकी शुरूआत नोटबन्दी एवं जीएसटी के बैड एम्प्लिमेंटेसन के साथ क्रोनी कैपिटलिस्ट ओरिएंटेड पॉलिसी को बताते हैं । उनके अनुसार मोदी सरकार का दस साल का ग्रोथ रेट 5.8% भी फाल्स है, वास्तविक ग्रोथ रेट मात्र 1% ही है । एवं भारत की अर्थव्यवस्था भी विश्व की पांचवी नही अपितु आठवें स्थान पर है । इसका तस्दिक विश्वप्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं योजना आयोग, यूनिसेफ के सलाहकार रह चुके प्रो.संतोष मेहरोत्रा भी करते हैं कि मोदी सरकार आंकड़े, तथ्यों के साथ छेड़ छाड़ करती है, एवं इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुरूप नही है । तुम्हारी फाइलों में, गाँव का मौसम गुलाबी है। मगर ये आंकड़े झूठे हैं । ये दावा किताबी है ।



पुरानी बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेगी सरकार, 1 करोड़ करदाताओं को होगा लाभ: वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024 पेश करते हुए कहा है कि सरकार पुरानी बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस ले लेगी जिससे करीब 1 करोड़ करदाताओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि 1962 से 2010 तक ₹25,000 तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों और 2010-11 से 2014-15 तक ₹10,000 तक की बकाया मांगों को वापस लिया जाएगा।

अब अडवाणी को भारत रत्न अवार्ड दिया जाएगा

लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से किया जाएगा सम्मानित, पीएम मोदी ने की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एलान किया कि बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, "वह हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक हैं...जिनका भारत के विकास में योगदान अविस्मरणीय है...उन्होंने ज़मीनी स्तर पर काम शुरू करते हुए... उप-प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की।"

रिपोर्ट: स्पर्श देसाई

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.),
मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र
यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com